
पाठ–13

# स्कूल के आस-पास

यह सीमा के घर से स्कूल तक के रास्ते का चित्र है।




1. सीमा घर से स्कूल जा रही है। आप उसके घर से स्कूल तक के रास्ते को पेन्सिल से दिखाइए।

2. घर से स्कूल तक के रास्ते में क्या–क्या आए?

————————————————————————————————

————————————————————————————————

3. चित्र में कौन–सी चीजें किस ओर मिलेंगी, लिखिए।

| दाईं ओर | बाईं ओर |
| --- | --- |
| ———————————— | ———————————— |
| ———————————— | ———————————— |
| ———————————— | ———————————— |

4. चित्र को देखकर सही पर (3) का निशान लगाइए। गलत को सही करके लिखिए।

(i) चित्र में चार पेड़ हैं।

————————————————————————————

(ii) कुआँ खेत के अन्दर है।

————————————————————————————

(iii) चित्र में तीन घर हैं।

————————————————————————————

(iv) घर से स्कूल के रास्ते में दो पेड़ हैं।

————————————————————————————

5. चित्र के आधार पर खाली जगहों में सही शब्द भरिए।

दाईं, बाईं, तीसरे, चापाकल

सीमा घर से स्कूल जा रही है। दूसरे मोड़ पर ———————— आता है। ———————— मोड़ पर डाकघर आता है। अस्पताल डाकघर से ———————— ओर है। पूरे रास्ते में बाईं ओर दो पेड़ आते हैं, पर ———————— ओर एक ही पेड़ आता है।

6. **सीमा के घर से स्कूलवाले चित्र में यह कहाँ बनेंगे।**

1. बिजूका ——————————  2. डॉक्टर ——————————

3. बस ——————————  4. बच्चे ——————————

## कौन दिशा किधर :



**आओ बच्चों तुम्हें बताएँ,**
**होती है कुल चार दिशाएँ।**
**जिधर से निकले सूरजराम,**
**उसको लो तुम पूरब मान।**
**पूरब ओर मुँह कर हो खड़े**
**पीठ पीछे पश्चिम पड़े,**
**बायाँ हाथ को उत्तर आए,**
**दक्षिण दायाँ हाथ बताएँ।**
**आओ बच्चों तुम्हें बताएँ**
**होती हैं कुल चार दिशाएँ,**

अपने दोस्तों के साथ जिस दिशा में सूरज उगता है उस तरफ मुँह करके खड़े हो जाइए। हाव–भाव के साथ कविता को बोलिए।

## गतिविधि

कक्षा के सभी बच्चे पाँच टोलियों में बँट जाइए। अब बारी–बारी से प्रत्येक टोली में से एक–एक सदस्य आए और पूरब की तरफ मुँह करके खड़ा हो जाए।

बाकी टोलियों के बच्चे उससे आगे लिखे प्रश्न पूछे।

1. उसके दाईं ओर कौन–सी दिशा होगी? 2. उसके बाईं ओर कौन–सी दिशा होगी?

3. उसके पीठ की ओर कौन–सी दिशा होगी? 4. पश्चिम दिशा किस ओर होगी?

5. उत्तर दिशा किस ओर होगी? 6. दक्षिण दिशा किस ओर होगी?

7. उसका मुँह किस दिशा की ओर है?

यदि कोई बच्चा उत्तर नहीं दे पाता है तो उसकी टोली के सदस्य मदद कर सकते हैं।

**इन्हें भी कीजिए :**

**7. यदि आप पूरब की ओर मुँह करके खड़े हो तो–**

(i) दाएँ हाथ की ओर कौन–सी दिशा होगी ?——————————————

(ii) बाएँ हाथ की ओर कौन–सी दिशा होगी ?———————————————

(iii) पीठ की ओर कौन–सी दिशा होगी?——————————————————

**8. यदि आप उत्तर की ओर मुँह कर लें तो ...**

(i) पीठ की ओर कौन–सी दिशा होगी?—————————————————

(ii) दाहिनी ओर कौन–सी दिशा होगी?——————————————————

**9. आपके विद्यालय के किस–किस दिशा में क्या–क्या है?**

(i) पूरब में ————————————————————————————

(ii) पश्चिम में ——————————————————————————

(iii) उत्तर में ———————————————————————————

(iv) दक्षिण में ——————————————————————————

**कुछ करें**

अब आप अपने स्कूल और उसके आस–पास का चित्र अपनी कॉपी में बनाइए। जो कुछ आपने अपने स्कूल के आस–पास देखा, वह सब चित्र में बनाना है। चित्र में आपकी स्थिति भी दर्शाइए।